RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 100 • 22:04:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## सावधान ! भीषण गर्मी और लू के लिए रहें तैयार

**● बढ़ने वाला है मौसम का कहर, हीटवेव का अलर्ट ● एमपी-छत्तीसगढ़ में 42,ओडिशा में 45 डिग्री के पार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में शनिवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा। इसके अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गुजरात और महाराष्ट्र में भी तापमान 42 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया।

उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बारिपाड़ा जिले में शनिवार को टेम्प्रेचर 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यहां आने वाले 3-4 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। राजधानी दिल्ली में भी तापमान बढ़ने का दौर शुरू हो गया है। यहां आज तापमान 38 डिग्री के करीब पहुंचने का अनुमान है। साथ ही 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। हालांकि, लू



चलने का अलर्ट आज नहीं है। देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 26 राज्यों में बारिश का अनुमान भी जताया गया है। इनमें जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के ऐक्टिव होने से मध्य प्रदेश में एक बार फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, रविवार को जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां 30 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। झारखंड में गर्मी का कहर जारी है।

पिछले 24 घंटे में कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में उत्तर-पश्चिम की ओर से गर्म हवा चल रही है। बिहार में पिछले तीन-चार दिनों से गर्म पछुआ हवा चल रही है। इससे तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

## राजस्थान में एक साथ निकली सात दोस्तों की शवयात्रा

**ट्रॉले-वैन की भिड़ंत में हुई थी 9 की मौत, बारात से लौटते समय हुआ एक्सीडेंट**



**झालावाड़ (एजेंसी)।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक ट्रॉले और वैन की भिड़ंत में 9 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में 10 लोग सवार थे और मध्य प्रदेश के डूंगरी (खिलचीपुर) में शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 3 बजे भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। मृतकों में से 7 दोस्तों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जा रहा है। गांव में जैसे ही 7 अर्थियां एकसाथ उठीं तो चीख-पुकार मच गई। एसचाओ बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा कस्बे में एक घर में विवाह समारोह था। बारात शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खिलचीपुर क्षेत्र में गई थी। बारातियों में से देर रात 10 दोस्त मारुति वैन से वापस अकलेरा लौट रहे थे। इस दौरान एनएच-52 पर खुरी पचोला (अकलेरा) के पास मारुति वैन और एक ट्रॉले की भिड़ंत हो गई।

## सतना रैली में नहीं पहुंच पाए राहुल, खड़गे ने संभाली कमान

**सतना (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं कई जगह घूमा। जहां भी गया, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है। लोग गरीबी में रहें, उनको खाना न मिले, उनकी आमदनी न बढ़े, यही मोदी का मेन मकसद है। उनका स्लोगन है- सबका साथ, सबका विकास, बाकी लोगों को सत्यानाश। खड़गे कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। बीटीआई मैदान में उन्होंने कहा, मैं माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं। पूर्व में तय कार्यक्रम के मुताबिक, सतना में राहुल कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू के समर्थन में आम सभा लेने वाले थे। सतना में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। नेहरू ने 16-17 साल हुकूमत की। आपको सब काम दिखेंगे।



**खड़गे बोले-**

- **राहुल गांधी बीमार, फूड पॉइजनिंग की है शिकायत**
- **कहा-महंगाई और बेरोजगारी से सिर्फ मोदी खुश,गरीब मर रहे हैं**

## कांग्रेस की नीयत ही नहीं रही कि लोगों को पानी मिले:पीएम

**● राजस्थान के जालोर में पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला ● कहा-देश का युवा दोबारा इस पार्टी का मुंह नहीं देखना चाहता**



**जालोर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस के इतने हाल खराब हैं भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, घरेलू गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। मोदी ने भीनमाल (जालोर) में रविवार को 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित किया। मोदी बोले- जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस की कभी नीयत नहीं रही कि किसानों को पानी मिले। उनके जीवन का सबसे बड़ा संकट समाप्त हो। इसका एक उदाहरण है, सालगांव बांध परियोजना, ये साढ़े 4 दशक पहले तब बनी थी जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी। लेकिन ये योजना कभी पूरी नहीं हुई, जमीन पर उतरी ही नहीं। उस समय अगर ये बांध बन जाता तो 30 लाख से भी कम की लागत आती। इस वक्त इसे बनाने में 250 करोड़ तक लागत पहुंची है।

**मोदी बोले-**

### मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं

सभा में मोदी बोले– लुंबाराम को वोट मतलब मोदी को मजबूत बनाने की गारंटी। आपके एक–एक वोट से मोदी की ताकत बढ़ेगी, मोदी को काम तेज करने की ताकत मिलेगी। देश को विकसित बनाना और राजस्थान को विकसित बनाने के काम करने में और आसानी होगी। आज मैं सिर्फ लुंबारामजी के लिए वोट मांगने आया हूं ऐसा नहीं है, आज मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं। मैं जब से राजस्थान में आना शुरू किया, कोई भी ऐसा समय नहीं, जब मैंने पानी के विषय में सुना न हो। अभी मैं बैठा था हमारे उम्मीदवार महोदय तुरंत बोले– मोदी जी पानी मेरी पहली प्राथमिकता है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ 5 वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नए परिवारों को नल से जल दिया जा चुका है लेकिन अफसोस है कि इसी दौरान राजस्थान में पांच साल तक कांग्रेस की सरकार ने पानी में भी घोटाला किया। अब भजनलाल सरकार घोटाले की जांच कर रही है। अब हम हर घर पाइप से पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ये ट्रेलर है, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदियां देनी हैं। इस संकल्प को लेकर चल पड़ा हूं। पीएम बोले– मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल–पल आपके नाम। मेरा पल–पल देश के नाम। कोरोना का इतना बड़ा महासंकट आया। एक तरफ हमने हर परिवार को मुफ्त टीका लगाया। दूसरी तरफ मुफ्त राशन की व्यवस्था की। ताकि गरीब का चूल्हा जलता रहे, गरीब का बच्चा भूखा न सोए। हमने वन नेशन वन राशन की योजना बनाई।

## ईरान-इजरायल में बन रहे हैं 'महायुद्ध' जैसे हालात !

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सिर्फ मध्य पूर्व ही नहीं पूरी दुनिया की नजरें इस वक्त इन दो ताकतवर मुल्कों पर है। दुनिया के सामने एक महायुद्ध जैसी स्थिति बनी



**● ईरान के एक कदम से मुश्किल में आ जाएगा भारत**
**● कच्चे तेल का आयात होगा मुश्किल, बढ़ेंगी कीमतें**

हुई है। इसने भारत समेत कई देशों की चिंता बढ़ा दी है। भारत की इसलिए क्योंकि ईरान अगर होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध कर देता है तो भारत के लिए कच्चे तेल का आयात मुश्किल हो जाएगा। इससे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों का कहना है कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। गौर हो कि ईरान और इजरायल के बीच हालिया तनाव का पहला चरण 1 अप्रैल को तब शुरू हुआ जब इजरायली सेना ने सीरिया में ईरानी दूतावास में धमाका किया। इस हमले में ईरान के टॉप कमांडर समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली धरती पर 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलें छोड़ दी। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल के सुरक्षा कवच आयरन डोम की मदद से 99 फीसदी हमले नाकाम कर दिए गए। जवाब में इजरायल ने भी गुरुवार रात ईरान में धमाके किए। हालांकि इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजरायल ने ली है और न ही ईरान ने खुद पर हमला होने की बात कबूली है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। ममोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है, लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब,यूएई, कुवैत, कतर, इराक और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।

## देश का पहला मंदिर जिसके गुंबद में एक भी पिलर नहीं

### यहां एक ही मंदिर में होंगे 24 जैन तीर्थंकरों के दर्शन

**40 हजार किलो के पत्थर की प्रतिमा**



अजमेर (एजेंसी)। देश का पहला जैन मंदिर, जिसमें बिना पिलर का गुफा मंदिर भी होगा। पहाड़ी की तलहटी में स्थित डोम के आकार का गुफा मंदिर 90 फीट चौड़ा और 135 फीट लंबा है। इसे बनाने में लाल पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। करीब साढ़े पांच सौ एकड़ के कैंपस में जैन धर्म से जुड़े तमाम मंदिर और प्रतिमाएं हैं। नारेली तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन ने बताया कि 150 मीटर ऊंची पहाड़ी की तलहटी में बना यह बहुउद्देशीय क्षेत्र करीब साढ़े पांच सौ बीघा भूमि पर फैला है। ज्ञानसागर महाराज की समाधि नसीराबाद (अजमेर) में है। संत शिरोमणी पूज्य आचार्य 108 विद्यासागरजी की दीक्षा स्थली भी अजमेर ही है। दोनों महान आदर्श संतों की यशोगाथा को चिर स्थायी बनाने के लिए 'ज्ञानोदय तीर्थ' बनाया गया। इसी कैंपस में 11 मंजिला मंदिर भी बन रहा है। इसका काम भी लगभग पूरा हो चुका है। यहां भगवान आदिनाथ से महावीर स्वामी तक 24 तीर्थंकरों की 3-3 प्रतिमाएं विराजेंगी। हर मंजिल पर 72 और 10 मंजिलों में चारों ओर 720 प्रतिमाएं तीर्थंकरों की लगेंगी। गौशाला, स्कूल, हॉस्पिटल के अलावा भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला को भी बनाया गया है। साल 1997 में सुधासागरजी महाराज का प्रथम चातुर्मास भी इसी क्षेत्र पर हुआ था। इस साल कई योजनाएं शुरू की गईं और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। नारेली तीर्थ में एंट्री पर लाल पत्थरों से बना सिंहद्वार है। इसकी ऊंचाई 51 फीट है। इसके दोनों तरफ सुरक्षाकर्मियों के लिए 2 मंजिले कमरे बने हैं। इस द्वार से क्षेत्र के प्रमुख मंदिर आदिनाथ जिनालय में स्थापित विशाल और भव्य मनोहारी आदिनाथ की प्रतिमा के दर्शन होते हैं।

## चुनाव से पहले वायनाड में राहुल को लगा झटका

**भाजपा में शामिल हो गए वायनाड़ जिला महासचिव**

**वायनाड़ (एजेंसी)।** वायनाड में कांग्रेस पार्टी को शनिवार को उस समय झटका लगा, जब जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पी एम सुधाकरन ने कहा कि वर्तमान सांसद और वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी पार्टी के जिला नेताओं के लिए पहुंच से बाहर हैं। सुधाकरन ने कहा, 'अगर वह मेरे लिए पहुंच से बाहर हैं, तो एक आम आदमी की स्थिति की कल्पना करें। उन्हें पांच साल दिए गए थे। अगर हम एक और कार्यकाल देते हैं, तो यह वायनाड के विकास की संभावनाओं को नष्ट कर देगा।' उन्होंने गांधी को यह घोषणा करने की भी चुनौती दी कि वह अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे।



## राजनीतिक दलों की रेवड़ियों पर आना चाहिए श्वेतपत्र

**आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कर दी बड़ी मांग**

**कहा-लोगों को इसके नफे-नुकसान के बारे में बताना चाहिए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में अभी लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों में रेवड़ियां बांटने की होड़ मची है। जनता से तरह-तरह के चुनावी वादे किए जा रहे हैं। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को मुफ्त उपहारों के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाने के लिए एक श्वेतपत्र यानी वाइट पेपर लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर कैसे रोक लगाई जाए। सुब्बाराव ने कहा कि जनता को इन मुफ्त उपहारों की लागत और फायदों के बारे में ज्यादा जागरुक किया जाना चाहिए तथा इस पर जनता को शिक्षित करने की जिम्मेदारी सरकार की है। सुब्बाराव ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक आम सहमति बनानी होगी। केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री को नेतृत्व करना चाहिए। मुझे लगता है कि उन्हें एक श्वेतपत्र लाना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।' लोगों को इन मुफ्त उपहारों के अच्छे और बुरे पहलुओं के बारे में बताया जाना चाहिए।

## योगी बोले-नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता

**कोरबा में कहा-कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया**

**बिलासपुर/राजनांदगांव/कोरबा (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर थे। राजनांदगांव और कोरबा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और कहा कि, नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता था। कांग्रेस के राज में कमीशनखोरी जमकर होती थी। कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया है। वहीं राजनांदगांव में उन्होंने कहा कि, भुनेश्वर साहू के पिता को विधायक बनाकर भुनेश्वर को जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी। भुनेश्वर की एक ही गलती थी कि उसने लव जिहाद का विरोध किया था, कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया था। योगी ने कहा कि, प्रभु राम की धरती से संदेश लेकर उनके ननिहाल हम आए हैं।




ये बताने आए हैं कि, अयोध्या में रामलला आ गए हैं। राम राज की स्थापना मोदीजी के नेतृत्व में होने जा रही है। इसके लिए मोदीजी को जिताना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### छीनी हुई कार जब्त, थाने से फिर लेकर भागे आरोपी, अब कार के साथ दो शख्स गिरफ्तार

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को एक कार और बाइक में टक्कर हो गई थी, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद बाइक सवार दो लोगों ने कार की चाबी जबरदस्ती निकाल लिया और बाइक बनवाने का पैसा देकर कार ले जाने की बात कहकर वहां से कार लेकर चले गए थे। इसके बाद कार मालिक ने थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार भी बरामद कर लिया है। इस घटना के बाद उतम कुमार झा, पिता राधेश्याम झा ने लिखित आवेदन दिया था। उत्तम ने बताया था कि इनकी अल्टो कार गाडी नं० BR01EX 9645 को बाइक सवार दो लोगों ने नलकुप भवन AG कॉलोनी के पास से मेरी कार की चाबी ले लिया और कार लेकर फरार हो गए थे। तकनीकी और आसपास के लोगों से पूछताछ की और उस गाड़ी को लाल बाबु मार्कट थाना शास्त्रीनगर से गाडी के नंबर प्लेट पर टेप लगे हुए स्थिति में बरामद कर लिया गया।इसके बाद 20 अप्रैल को सुबह 3:50 बजे दो लोग थाने आए और ओ०डी० पदाधिकारी और सिपाही को बातचीत में उलझाकर उस गाडी को थाने से लेकर फरार हो गए। इसके बाद सुबह में CCTV फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने दोनों अपराधियों की तलाश तेज कर दी।

### कल से शुरू होगी PPU स्नातक पार्ट- 3 की परीक्षा, बनाए गए 63 परीक्षा केंद्र

**पटना।** पाटलीपुत्र यूनिवर्सिटी में स्नातक पार्ट थ्री की परीक्षा कल से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए पटना, बाढ़ और नालंदा में 63 केंद्र बने हैं। इस दौरान हर वीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को पूरी जानकारी देंगे। उन्हें बताएंगे कि किन-किन चीजों को अपने उत्तर पुस्तिका में निश्चित रूप से भरना है। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले प्रश्न को स्ट्रांग रूम से लाया जाएगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक व वीक्षकों की मौजदगी में इसका सील खोलकर परीक्षा कक्षों में वितरण के लिए भेजा जाएगा। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्राधीक्षक व पर्यवेक्षक सभी वीक्षकों को आवश्यक जानकारी देंगे। उन्हें यह बताएंगे कि हर परीक्षार्थी के उत्तर पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने से पहले रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, पेपर कोड, सेंटर कोड, नाम, पेपर व सत्र लिखा गया है कि नहीं इसको देखकर ही अपना हस्ताक्षर करेंगे। इससे पहले शनिवार को पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की स्नातक पार्ट 2 की परीक्षा शुरू हो चुकी है। कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन को लेकर शनिवार को कुलपति प्रो. आरके सिंह ने गंगा देवी महिला महाविद्यालय, रामकृष्ण द्वारिका कालेज, कंकड़बाग एवं जेडी वीमेंस कालेज, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. आरके सिंह ने केंद्राधीक्षकों को आवश्यक निर्देश भी दिया।



### पटना में हाइवा ने मां, बेटी और बहू को रौंदा, एक की हालत गंभीर, दो घायल, शादी समारोह में शामिल होने आए थे

**पटना।** पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के जगनपुरा के नजदीक सड़क पार कर रही मां, बेटी एवं बहू को हाइवा ने रविवार को कुचल डाला। इस हादसे में तीनों महिला घायल हो गई, जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों महिला शादी समारोह में शामिल होने पटना के जगनपुरा पहुंची थी। पटना के आलमगंज निवासी मीरा देवी 60 वर्ष, ममता देवी 45 वर्ष एवं चुन्नी देवी 50 वर्ष शादी समारोह में शामिल होने के लिए जगनपुरा पहुंची थी। रविवार को सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार हाईवा ने तीनों महिला को कुचल डाला। आसपास के लोगों ने बताया कि तीनों महिला एक ही परिवार की मां, बेटी एवं बहू हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कंकड़बाग एवं रामकृष्ण नगर थाने को दी। सूचना मिलते ही दोनों थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां एक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए कंकड़बाग थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



### गेहूं के खलिहान में लगी आग, लाखों रुपए का अनाज जलकर राख, CO ने कहा- नुकसान की भरपाई की जाएगी

**पटना।** पटना के फतुहा स्थित बलवा गांव में रविवार की दोपहर खलिहान में रखे गए गेहूं में अचानक आग लग गई। आग ने पूरे फसल को अपनी चपेट में ले लिया और पूरा अनाज मिनटों में जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए किसानों ने अपने-अपने बोरिंग चालू कर फसल पर पानी का छिड़काव करते रहे, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। इस बीच लाखों रुपए के गेहूं जलकर राख हो गए। फतुहा के अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने नुकसान हुए किसान को मुआवजा के तहत सरकार की तरफ से आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि फतुहा के बलवा गांव में रविवार को अचानक खलिहान में रखे गए गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगते ही पूरे गांव में हंगामा मच गया। फसल को बचाने के लिए किसान भागकर खलिहान के पास पहुंचे और अपने-अपने बोरिंग चालू कर आग को बुझाने में जुट गए। इस बीच किसानों के लाखों रुपए के गेहूं जलकर नष्ट हो गए। इस मामले को लेकर फतुहा के अंचलाधिकारी मुकेश कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि किसानों के द्वारा अगर फसल बीमा कराई गई होगी तो वह राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आपदा के तहत जिन किसानों के फसल का नुकसान हुआ है वह किसान प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पास अपना आवेदन करें। आवेदन के आधार पर फसल के नुकसान का जांच कराया जाएगा और उसके बाद जिला से उन्हें नुकसान की भरपाई की जाएगी।



### हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने पर युवक गिरफ्तार, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई, एसपी ने दी जानकारी

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज थाना में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी हर किशोर राय ने बताया कि युवक का नाम मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना है और जलालपुर गांव का निवासी है। उसने कुछ दिन पहले डर फैलाने के लिए हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट किया था। इस संबंध में पुलिस को शिकायत मिली तो स्थानीय थाना को सत्यापन के लिए बोला गया। इसमें फोटो/वीडियो सही पाया गया और युवक को गिरफ्तार करने के लिए टीम गई। जैसे ही युवक ने पुलिस को देखा भागने लगा। इसके बाद बल ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से 1 मोबाइल बरामद किया गया। इसमें हथियार के साथ उसकी फोटो भी मिली। जब उससे पूछा गया तो उसने बताया कि डर के लिए फोटो और वीडियो पोस्ट किया था। फिलहाल लालगंज थाना में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।



# डबल डेकर एलिवेटेड रोड का दो रैंप बनकर तैयार

एजेंसी, पटना।

पटना के अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर एलिवेटेड रोड का दो रैंप बनकर तैयार हो गया है। एक रैंप पटना यूनिवर्सिटी और दूसरा बीएन कॉलेज के पास बनाया गया है। वहीं, अब तीसरा रैंप पटना कॉलेज के पास बनना शुरू हो चुका है। अभी इसमें मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। बाद में गिट्टी बिछाने का काम और पैनल लगाने का काम होगा।

**पीएमसीएच के पास फाउंडेशन का काम होगा शुरू:** डबल डेकर एलिवेटेड रोड का लगभग काम पूरा हो चूका है और अब पीएमसीएच और सब्जीबाग स्थित कैथोलिक चर्च के पास काम शुरू किया जाएगा। पीएमसीएच के पास बैरिकेडिंग भी की जा चुकी है और अब फाउंडेशन का काम शुरू होगा। वहीं, कैथोलिक चर्च की 11-12 फीट जमीन लेकर बॉउंड्री वॉल बनाई जा चुकी है। इससे सर्विस रोड की चौड़ाई ज्यादा हो गयी है और आने-जाने वाले लोगों को मुश्किल नहीं होगी। पहले पीएमसीएच के पास काम होगा और उसके बाद कैथोलिक चर्च के पास शुरू किया जाएगा।



**PMCH के पास भी फाउंडेशन का काम होगा शुरू, अशोक राजपथ पर जाम से मिलेगी निजात**

**पटना यूनिवर्सिटी के पास बने रैंप की कनेक्टिविटी सीधे कृष्णा घाट से:** अब तक 49 स्टील गार्डर डबल डेकर रोड के लिए लगाए जा चुके हैं। वहीं, कुल 317 पाइल में से 268 बनाया जा चुका है। इसमें से 6 इसी महीने तैयार हुए हैं। टियर 1 में 21 पियर कैप, तो वहीं टियर 2 में 22 पियर कैप का भी काम हो चुका है। पटना यूनिवर्सिटी के पास बने रैंप की कनेक्टिविटी सीधे कृष्णा घाट से होगी। गांधी मैदान की ओर से आने वाले लोग इसका इस्तेमाल कर गंगा पथ पकड़ सकेंगे। वहीं, बीएन कॉलेज के पास बने रैंप का इस्तेमाल पटना कॉलेज से आने वाले लोग यहां उतरने के लिए कर सकेंगे। इससे कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट के सुविधा को ध्यान में रखकर यहां बनाया गया है।

एक्टर पंकज त्रिपाठी के बहनोई के आवास पर पसरा मातम

## सड़क हादसे में हुई थी मौत

एजेंसी, गोपालगंज।

बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी की मौत के बाद से गोपालगंज स्थित उनके आवास से परिजन कोलकाता रवाना हो गए। साथ ही राजेश तिवारी के माता-पिता भी कोलकाता के लिए रवाना हो चुके हैं। राजेश तिवारी के घर पर फिलहाल कोई नहीं है। संभवत कोलकाता में ही राजेश तिवारी का दाह संस्कार किया जाएगा।

**क्या है घटना:** पंकज त्रिपाठी के बहन-बहनोई की स्विफ्ट कार से शनिवार को निरसा (धनबाद) में भीषण दुर्घटना की शिकार हो गई थी। हादसे में पंकज त्रिपाठी के बहनोई राजेश तिवारी की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बहन सरिता तिवारी को सर्जिकल आईसीयू में भर्ती कराया गया। सरिता तिवारी की कमर और सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। इन्हें कोलकाता रेफर कर दिया गया है।

राजेश खुद कार चला रहे थे, जबकि सरिता अगली सीट पर बैठी थी। इसी दौरान एक महिला जीटी रोड को पार करने की कोशिश में थी। उसी महिला को बचाने के क्रम में राजेश तिवारी कार से नियंत्रण खो बैठे। नतीजा, तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर जा चढ़ी और हादसा हो गया।



**रेलवे में थे कार्यरत:** बरौली थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी राजेश तिवारी इकलौती संतान थे। जो पेशे से चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर ग्रुप डी में कार्यरत थे। उनके मां और पिता गोपालगंज स्थित आवास पर ही रहते हैं। जबकि पत्नी सरिता तिवारी वेस्ट बंगाल के दुर्गापुर में सरकारी शिक्षिका है। एक बेटी और एक बेटा है। बेटा दीपतांशु तिवारी बीटेक कर चुका है। वर्तमान में गायकी के क्षेत्र में है। राजेश तिवारी की दोनों संतान अपने मामा पंकज त्रिपाठी के पास रहते हैं। राजेश तिवारी को हमेशा की तरह जब भी समय मिलता, पूरे परिवार के साथ गोपालगंज अपने पैतृक आवास पर पहुंचते थे। पिछले चार दिन पहले ही वो गांव आए हुए थे और शनिवार को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

CBSE के छात्र बनेंगे जल दूत

## स्मार्ट तरीके से पानी के महत्व के बारे में करेंगे जागरूक

एजेंसी, पटना।

जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने छात्रों को पानी के महत्व के बारे में बताने और पानी की बचत के स्मार्ट तरीके सिखाने के लिए 'जल दूत' कार्यक्रम की शुरुआत की है। CBSE के शैक्षणिक निदेशक जोसफ एमैनुएल ने एक सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र जल दूत बनेंगे। वह वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण जैसे कामों को लेकर जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत 8वीं से 12वीं के बच्चों को जल दूत बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट चैंपियन बनाना है जो सुरक्षित पेयजल, जल गुणवत्ता, जल संरक्षण आदि जैसे अन्य गतिविधियों के बीच अपने इलाके में पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम पर काम कर सके। स्कूलों को इस कार्यक्रम की गतिविधियों की एक रिपोर्ट सीबीएसई के दिए गए लिंक https://forms.gle/Erk1dVe35dyoQKFt8 पर अपलोड करनी है। 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' अभियान 22 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। यह अभियान वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, गणना, जियो-टैगिंग और सभी जल निकायों की सूची बनाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही इसका लक्ष्य जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएं तैयार करना और सभी जिलों में जल शक्ति केंद्र स्थापित करना। छात्र समुदाय के सबसे गतिशील और प्रभावशाली वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो महत्वपूर्ण सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।



## पटना में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, 10 लाख का हुआ नुकसान, मशक्कत के बाद बुझाई आग

एजेंसी, पटना।

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री धू धूकर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गौरीचक थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और अग्नि दस्ते की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच प्लास्टिक फैक्ट्री में रखी गई लाखों रुपए के समान और एक ऑटो जलकर नष्ट हो गया। घटना की पुष्टि करते हुए गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल उनके पास कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे नुकसान का सही आंकड़ा लगाया जा सके। घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी मची रही। गौरीचक थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के नजदीक गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक की एक फैक्ट्री है। रविवार को अचानक प्लास्टिक फैक्ट्री के एक कोने से तेजी से धुआं निकलना शुरू हो गया। इसे देखते ही वहां काम करने वाले मजदूरों ने शोर करना शुरू कर दिया। पहले तो लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास से पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। गौरीचक थाने के अग्नि दस्ते की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



**10 लाख का नुकसान:** इस बीच फैक्ट्री की लगभग सभी सामान जलकर नष्ट हो गया। लोगों का मानना है कि इस आग लगी में कंपनी को लगभग 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस मामले को लेकर गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्लास्टिक फैक्ट्री के प्रोपराइटर की तरफ से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इससे नुकसान के बारे में कुछ बोल पाना उचित नहीं होगा।

# बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत

## किडनी और पेट की बीमारी के बाद अस्पताल में भर्ती, क्रिएटिनिन लेवल बढ़ा

एजेंसी, पटना।

बाहुबली और पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है। तीन दिन पहले भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है। फिलहाल उन्हें आईजीआईएमएस के प्राइवेट वार्ड के डीलक्स रूम नंबर 51 में भर्ती किया गया है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देख रेख में उनका इलाज चल रहा है। बता दें कि मोकामा से पूर्व राजद विधायक अनंत सिंह एके-47 मामले में पटना की बेऊर जेल में बंद है। उन्हें 10 साल की सजा हुई है।

**एक साल पहले भी बिगड़ी थी तबीयत:** इससे पहले भी अनंत सिंह को करीब एक साल पहले पीएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उसे समय उन्हें सांस लेने की समस्याएं से जूझ रहे थे। साथ ही उन्हें शरीर में दर्द और उल्टियां हो रही थी। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें भर्ती कराया गया था।



**10 साल सजा के बाद रद्द हुई थी सदस्यता:** मोकामा से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह पर प्रतिबंधित हथियार AK-47 रखने का आरोप साबित होने के बाद उन्हें कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। जिसके बाद वह पटना के बेउर जेल में बंद है। साथी इसके बाद उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर इंसास राइफल, मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद होने के मामले में भी वे दोषी पाए गए थे। आपराधिक मामलों होने के बाद जुलाई 2022 में अनंत सिंह की सदस्यता भी रद्द कर गई थी।


**5 बार विधायक रह चुके हैं अनंत सिंह:** अनंत सिंह मोकामा 5 बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है। 2005 में विधानसभा चुनाव से अपनी राजनीति की शुरुआत की थी। अनंत सिंह किसी जमाने में सीएम नीतीश कुमार के बेहद करीबी थे। लेकिन बाद में संबंधों में खटास आ गई। अब जदयू से दुबारा संबंध ठीक हो गया है। यही वजह है कि उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से विधायक है, जो हाल में जदयू के साथ आ गई है।

**राजद के पूर्व विधायक की पत्नी अब जेडीयू के साथ:** अनंत सिंह की विधायकी खत्म होने के बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद कोटे से मोकामा से ताल ठोंकी और वो वहां जीत भी गईं। लेकिन हाल ही में बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के दौरान नीलम सिंह ने पाला बदल लिया। वो राजद का साथ छोड़कर जदयू का साथ देने लगीं। फिलहाल मुंगेर से जदयू के लोकसभा कैंडिडेट ललन सिंह के लिए वो प्रचार प्रसार कर रही हैं।

## पटना समेत 8 जिलों में 24 तक लू का अलर्ट

एजेंसी, पटना।

बिहार में पिछले तीन-चार दिनों से गर्म पछुआ हवा चल रही है। इससे अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और लोग गर्मी महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 21 से 24 अप्रैल तक पटना, शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा और नालंदा जिले में लू का अलर्ट किया गया है। पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी गई है। शनिवार को पटना समेत बिहार के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इसमें शेखपुरा सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इसके अलावा औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री, जमुई और नवादा का 43.2 डिग्री, गया का 43 डिग्री, पटना का 42.2 डिग्री, भोजपुर का 42.7 डिग्री, बांका का 42.2 डिग्री, नालंदा का 41.9 डिग्री, मोतिहारी और बेगूसराय का 41. 2 डिग्री, सीतामढ़ी का 40.4 डिग्री, छपरा का 40.3 डिग्री और समस्तीपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**बिहार के 19 जिलों का तापमान 40 के पार, शेखपुरा का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस**

### सांसद महबूब कैसर बोले-गद्दारी मैंने नहीं चिराग पासवान ने की

**पटना।** खगड़िया के सीटिंग एमपी चौधरी महबूब अली कैसर रालोजपा (पारस गुट) छोड़ राजद में शामिल हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान सांसद महबूब अली कैसर ने कहा कि गद्दारी मैंने नहीं की, बल्कि चिराग पासवान ने गद्दारी की है। वे चिराग पासवान पर मोटी रकम लेकर टिकट बेचने का आरोप वो लगा चुके हैं। वहीं इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कुछ चार-पांच लोग हैं वहां जो मेरे चाचा को हाई जैक कर लिए हैं। जब हम किताब लिखेंगे तब इन सब बातों का विस्तार से जिक्र करेंगे। वक्त आने पर सारी बात उसमें लिखेंगे। लेकिन जहां रहे स्वस्थ रहें। जब उनके साथ थे हम तो बेटे की तरह साथ खड़े थे। इस दौरान सांसद के बेटे युसूफ कैसर भी मौजूद रहे।

# दर्द का इंजेक्शन ले स्कूल-कॉलेज के लड़के कर रहे नशा

## व्हाट्सएप से लिया जाता था ऑर्डर, 30 की जगह बच्चों से वसूलते थे 500 रुपये

एजेंसी, पटना।

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने 25 लाख का नशे का इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने नशे का इंजेक्शन का कारोबार करने वाले 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने औषधि विभाग को इसकी सूचना दी है। औषधि विभाग की टीम बरामद सुई की जांच कर रही है। विभाग ने सुई के कंपनी को भी उसकी सूचना दी।

**इस नशीली सुई के गिरफ्त में हैं युवा:** ऐसे तो हर वर्ग के लोग इसका इस्तेमाल कर रहें हैं लेकिन युवा वर्ग इसकी गिरफ्त में जल्दी आ रहे हैं। इसी का कारण है कि ये पटना के नामी शिक्षण संस्थानों के आसपास बेचा जा रहा है। बिहार में शराबबंदी के बाद पटना में स्मैक, ड्रग्स, ब्राउन शुगर, कफ सीरप और नशे की सुइयों का कारोबार काफी बढ़ गया है। स्मैक, ड्रग्स और ब्राउन शुगर जैसा नशा इन नशीली सुइयों को लेने के बाद में होता है। जहां ड्रग्स की कीमत 500 है तो इन सुइयों की कीमत 100 तक है। पढ़ने वाले बच्चे अपनी पॉकेट मनी से बचा कर ये सब करते है। पैसों की कमी की वजह से बच्चे इन नशीली सुइयों को ड्रग्स की जगह इस्तेमाल करते हैं। इस गोरख धंधा को करने वाले इसी लिए ऐसे जगहों को टारगेट करते है जहां युवाओं का आना जाना ज्यादा हो।



**पकड़ी गई सुइयां बिना डॉक्टर के लिखे बेचना मना है:** पटना सदर एएसपी स्वीटी सेहरावत ने बताया कि कंकड़बाग थाना के थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 25 लाख की नशीली सुइयां पकड़ी। चार कम्पनियों के नारकोटिक्स की ये दवाएं है। ये सुइयां डॉक्टर बहुत तेज दर्द को कम करने के लिए देते हैं। इन सुइयों की ताकत ऐसी है कि आम इंसान ड्रग्स के नशे जैसा महसूस करने लगता है। इन सुइयां को खुले में बेचने पर पाबंदी है। इन सुइयों को डॉक्टर के लिखे बिना बेचने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है।

**युवाओं को 'किक' देती हैं ये सुइयां:** सूचना के बाद मौके पर पहुंचे औषधि विभाग की तरफ से सहायक औषधि नियंत्रक सचिदानंद विक्रांत अपने दल बल के साथ इस छापेमारी में शामिल रहे। इसके बाद दैनिक भास्कर से बात करने के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ये नारकोटिक्स की सुइयां हैं। ये सुइयां सर्जरी के बाद दी जाती है ताकि पेसेंट को दर्द महसूस ना हो। लेकिन लोग इसका मिसयूज कर रहें हैं। इन सुइयों को डॉक्टर के पर्ची पर लिखे देने ही नहीं है। आज कुल इतनी सुइयां पकड़ी गई जिसमें ब्यूप्रेनोर्फिन 4445 पीस, एम्पुल यानी एविल 9920 पीस, आईपीपीएल ब्यूप्रेनोर्फिन 60 पीस और नाइट्रोसन 160 पीस शामिल है। अधिकारी ने बताया कि ब्यूप्रेनोर्फिन और एम्पुल यानी एविल के डोज लेने से नसेडियों की भाषा में किक मिलना कहते है। इसमें लोग बाद में इसका आदि हो जाते हैं और ज्यादा डोज लेने से कभी कभी लोग बेकाबू हो जाते हैं। उस वक्त वो अपना का किसी की हत्या भी कर देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्धनग्न अवस्था में मिला बुजर्ग का शव :लू लगने से जताई जा रही मौत की आशंका



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में एक अधेड़ के शव को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद की। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरा चक गांव के छोटकी खिली खंधा का है। देर शाम पुलिस शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंची। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मीराचक गांव के खंधा से एक अधेड़ का अर्धनग्न शव बरामद की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया लू लगने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। अधेड़ की उम्र करीब 45 से 50 वर्ष के बीच है। अधेड़ ने सिर्फ लूंगी पहन रखी था। अधेड़ एक पैर से दिव्यांग है। फिलहाल पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के थानों एवं सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। शव के पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### सुल्तानगंज स्टेशन का एडीआरएम ने लिया जायजा

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार को मालदा मंडल के एडीआरएम शिव कुमार सहित साथ चल रहे डीईएन गति शक्ति यूनिट, पंकज कुमार सहित डिविजनल स्तर के कई अधिकारी ने किया। इस दौरान स्टेशन अधिक्षक गिरिश प्रसाद सिंह मौजूद थे। इन अधिकारियों ने अमृत सुल्तानगंज स्टेशन के सौदर्यीकरण व यात्री सुविधा को लेकर स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा गया कि हर हाल में श्रावणी मेला के पूर्व कार्य पूरा कर लिया जाये। वहीं बढ़ती गर्मी को लेकर स्टेशन पर चार वाटर कूलर लगाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 1 से 4 तक जाने के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज भी बनकर तैयार हो जाएगा।

### डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा सुल्तानगंज

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का हेलीकॉप्टर शुक्रवार सुबह कृष्णानंद स्टेडियम सुल्तानगंज में उतरा। यहां से अधिकारी उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच लखनपुर स्थित मतदान केंद्र ले गए। जहां डिप्टी सीएम ने अपना मतदान किया तथा वापस सुल्तानगंज पहुंच हेलीकॉप्टर से गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। मौके पर उपस्थित नगर परिषद के मुख्य पार्षद बांका लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य राजकुमार गुड्डू, नगर अध्यक्ष नवीन कुमार बन्नी, मंडल अध्यक्ष संजय कुमार चौधरी, वरीय भाजपा नेता अरुण कुमार चौधरी, विकास कर्ण इत्यादि ने उनका स्वागत बुके और अंगवस्त्र देकर किया। सभापति ने बताया कि हेलीपैड स्थल पर उपस्थित कार्यकर्ता से मिलने के दौरान उन्होंने कहा कि 40 में से 40 सीट लाकर बिहार की जनता मोदीजी का हाथ मजबूत करेंगी। मतदाताओं पर मुझे पूर्ण भरोसा है। चुनाव के बाद सुल्तानगंज आने का आश्वासन दिया।

### दहेज देने जा रहे पिता को अपराधियों ने मारी गोली

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में दहेज का रुपया देने जा रहे पिता को अपराधियों ने गोली मार कर एक लाख रुपए लूट लिया। घटना मेजरगंज थाना क्षेत्र के सोनौल महादेव पावर सब स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घायल की पहचान नेपाल के सरलाही जिला निवासी प्रमोद महतो के रूप में किया गया है। फिलहाल घायल का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। है। घायल के बेटे काशी कुमार ने बताया कि उसके पिता नेपाल से पैसे लेकर इंडिया पहुंचे। इंडियन करेंसी में पैसे को बदलकर लड़के के घर जा रहे थे। इस दौरान सोनल महादेव पावर सब स्टेशन के पास एक बाइक पर सवार 3 अपराधियों ने उन्हें पहले घेरा। इसके बाद पैसे से भरे बैग को छीनना चाहा। जब उन्होंने विरोध किया तो पेट में गोली मार कर रुपय लेकर फरार हो गए।

## किशनगंज में पूर्व विधायक बोले- वोट कैंडिडेट का चेहरा देखकर नहीं, राहुल गांधी के नाम पर दें

# खड़गे के सामने कांग्रेस प्रत्याशी पर जताई नाराजगी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी डॉ जावेद के समर्थन में हो रही जनसभा में लोग उस समय अचंभित रह गए, जब पार्टी के पूर्व विधायक तौसीफ आलम ने भरे मंच से ये कह दिया कि जनता डॉ जावेद से नाराज है। उन्होंने कहा कि आज तीन पार्टी किशनगंज से चुनाव लड़ रही है, लेकिन आपको यह नहीं देखना है कि फलाना कैंडिडेट अच्छा है, फलाना कैंडिडेट खराब है। आपको देश का सम्मान, देश का संविधान और देश का नक्शा बचाना है।

तौसीफ आलम जब ये बातें कह रहे थे, उस समय मंच पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे। पूर्व विधायक ने उनके सामने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- मैं जानता हूं कि आप लोग डॉ जावेद के खिलाफ हैं, लेकिन आपको उन्हें देखकर वोट नहीं देना है। आपको जो वोट देना है, वह कांग्रेस पार्टी को देना है। राहुल गांधी का चेहरा देखकर वोट देना है।

### राहुल गांधी पीएम बनेंगे तो एएमयू को पैसा मिलेगा

उन्होंने कहा कि 2010 में एएमयू का शाखा खोला गया था। तब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। सोनिया गांधी ने आकर एएमयू शाखा का उद्घाटन किया था, लेकिन आज तक एएमयू को फंड नहीं मिला। जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, तब एएमयू का पैसा देना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि किशनगंज में रोजगार का काफी अभाव है।

यहां के लोग दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, पंजाब जैसे शहर में रोजगार के लिए जाते हैं। उन्होंने कहा, टिकट मैं भी मांगने गया था, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेताओं के यहां से मुझे कहा गया कि कांग्रेस में सिटिंग सांसद का टिकट नहीं काटा जाता है। पूर्व विधायक ने खुले मंच से कहा कि मैं जानता हूं कि यहां के लोगों की डॉ. जावेद से शिकायत है। वह क्षेत्र में नहीं रहते हैं, लेकिन अभी जो मौजूदा वक्त है और हालत हैं, उसे देखते हुए आप कांग्रेस पार्टी को ही वोट दें और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएं। तौसीफ आलम ने कहा कि वोट इधर-उधर नहीं दें, नहीं तो बीजेपी जीत जाएगी। फिर देश में सब कानून लगा देंगे और हम लोग कहीं के नहीं रहेंगे। इसलिए वोट कांग्रेस को दें।

### हमारी सरकार बनी तो पेपर लीक बंद करा देंगे-खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को चुनाव प्रचार करने किशनगंज पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस की सरकार देश में आई तो हम पेपर लीक को बंद कर देंगे। सभी युवाओं को एक लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। कहा कि चाचा अब बूढ़े हो गए हैं। जो एक बार गए हैं, उन्हें जाने दो। अब दोबारा मत मंगवाओ। नीतीश जी सिर्फ पलटूराम हैं, इधर से उधर करते रहते हैं।

# ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, 6 लोग जख्मी हादसे में तीन की स्थिति काफी नाजुक

### स्थानीय लोगों ने अस्पताल में कराया भर्ती



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शुक्रवार को ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में दो महिला समेत आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी राकेश प्रसाद की 34 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, उनका 11 वर्षीय बेटा रोहित कुमार, गीधा ओपी अंतर्गत बीरमपुर गांव निवासी बलिराम राय की 45 वर्षीय पत्नी लगमानों देवी है। उदवंत नगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी तवकल पासवान के 60 वर्षीय पुत्र रामबचन पासवान समेत 6 लोग जख्मी है।

### ट्रक चालक वाहन लेकर फरार

इधर,जख्मी महिला पूनम देवी के पति राकेश प्रसाद ने बताया कि पत्नी बेटे के साथ बीरमपुर से ऑटो पकड़कर कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव अपने मायके शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इसी बीच धरहरा के समीप सामने आ रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

### ऑटो वाले की गलती थी

जख्मी रामबली राम ने बताया कि अपनी बेटी के लिए लड़का देखने के लिए बीरमपुर गांव गए हुए थे। जब वापस ऑटो पड़कर आ रहा आ रहे थे, तभी ऑटो ड्राइवर की गलती के कारण सामने से आ रहे हैं ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सभी जख्मी हो गए । इसके बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वही इस हादसे में जख्मी तीन लोगों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

# हथियार-कारतूस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार : हथियारों की खरीद फरोख्त करता था बदमाश,

### दो रायफल, एक देसी कट्टा भी बरामद



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की मानपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए लगातार गुप्त सूचना पर छापेमारी की जा रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गोंगरी पर निवासी विकास कुमार उर्फ बटोरन अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करता है तथा अवैध हथियार को बेचने के लिए लाकर घर में रखे हुए है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए गोंगरी पर गांव स्थित विकास कुमार के घर की घेराबंदी की गई। जहां छापेमारी के क्रम में विकास कुमार के कमरे के बेड के नीचे से एक देसी कट्टा, दो देसी राइफल, 19 जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद किया गया एवं मौके से विकास कुमार उर्फ बटोरन को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसको लेकर मानपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। विकास का आपराधिक इतिहास के संबंध में पता लगाया जा रहा है। साथ ही हथियार के स्त्रोत का भी पुलिस पता लगाने में जुट गई है। छापेमारी टीम में मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार, प्रशिक्षु दरोगा संतोष कुमार सुमन एवं मानपुर थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।



### खाना बनाते समय सिलेंडर से निकली चिनगारी, घर जलकर राख

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के खैरा थाना क्षेत्र में आग लगने से एक घर में मौजूद 7 लाख का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार घटना अमारी गांव की है और शुक्रवार की रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से निकली चिनगारी से आग लगी थी। घर के मालिक राजेंद्र तांती के बेटे उदय तांती ने बताया कि उनकी पत्नी किचन में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से चिनगारी निकली और आग लग गई। जब तक उसको बुझाने के लिए कोशिश की तब तक आग बहुत फैल गई। इससे घर में रखा पांच लाख रुपए नगद, सोने-चांदी के गहने, कपड़ा और बर्तन सहित सारा अनाज जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह कमेटी चलता है इसलिए घर में 5 लाख रुपए कैश मौजूद था। जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजा की मांग की। वहीं घटना की जानकारी के बाद खैरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष शशि भूषण झा ने बताया कि घर में खाना बनाने के दौरान आग लगी। नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है और साथ ही जांच की जा रही है।

# पूर्णिया में मायके आई एक्स-गर्लफ्रेंड की हत्या

### 4 महीने पहले घरवालों की मर्जी से की थी शादी; घर में अकेली थी, गला दबाकर मार डाला



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में प्रेमी ने अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड की गला दबाकर हत्या कर दी। 4 महीने पहले ही प्रेमिका ने घर वालों की रजामंदी से बंगाल के एक लड़के से शादी की थी। इसी बात से प्रेमी नाराज चल रहा था। गुरुवार रात प्रेमिका के घर के सभी लोग गांव में नाच देखने चले गए। जिसका फायदा उठाकर प्रेमी ने प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को फंदे से लटकाकर फरार हो गया। लड़की का गला दबाने और खरोंच के गहरे निशान देख घर वालों को हत्या का शक हुआ। जिसके बाद लड़की की हत्या का राज खुला। मामला कसबा के कालीबाड़ी गांव की है। मृतका की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के वार्ड-2 के कालीबाड़ी गांव निवासी वंदना कुमारी (19) के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह लड़की की उसके कमरे में लाश मिली।

### दरवाजा अंदर से बंद था

लड़की की मां ने जैसे कमरा खोला फंदे से लटकती उसकी लाश देखकर उसके होश ही उड़ गए। घर के दूसरे सदस्य और आसपास के लोग मौके पर जुटे। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। घर वालों की शिकायत पर पुलिस ने लड़के को उसके घर से पकड़ा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रेमी ने हत्या की बात कबूल ली। जिसके बाद पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की मां सरस्वती देवी ने कहा कि दरवाजा अंदर से लगा था। हम सरिया से दरवाजे को खोले। तब देखा मेरी बेटी साड़ी से बने फंदे से लटकी थी। आरोपी कमरे में वेंटिलेटर से आया था।

### दिसंबर में शादी हुई थी

मृतका वंदना कुमारी का गांव के ही सोलेन्ट कुमार (24) से पिछले 4 महीने पहले तक लव अफेयर चल रहा था। दिसंबर में बंगाल के रहने वाले एक लड़के से बेटी की शादी कर दी गई थी। शादी के बाद से ही प्रेमी नाराज चल रहा था और वो लगातार परेशान कर रहा था।

### ससुराल में भी किया था हंगामा

इससे पहले भी प्रेमी ने ससुराल जाकर बखेड़ा खड़ा किया था। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी। फिर जाकर किसी तरह मामला शांत हुआ था। इन्हीं सब बातों से लड़का नाराज चल रहा था। गुरुवार रात घर के सभी सदस्य गांव में ही नाच देखने गए थे। लड़की घर में अकेली थी। मौका पाकर प्रेमी घर में घुसा और हत्या कर दी।

### लड़की ने अपने आप को बचाने की कोशिश की थी

इस दौरान लड़की ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की। जिससे उसके शरीर पर नोचने के भी निशान थे। इसी के बाद उन्हें लड़के पर शक हुआ। कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी और फिर लड़के के ऊपर मामला दर्ज कराया।

### प्रेमी ने अपना गुनाह स्वीकार किया

कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। जिसके बाद प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या का जुर्म कबूल लिया। फिलहाल लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

# जवान की पिस्टल छिनकर कस्टडी से भाग रहे कुख्यात को पुलिस ने मारी गोली



### 51 लाख रुपए के आभूषण लूट में था शामिल

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में अहले सुबह पुलिस और अपराधियों में मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में अपराधियों के पैर में गोली लगी है. मुजफ्फरपुर के फकुली थान क्षेत्र के इलाके में शुक्रवार की अहले सुबह पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सदर थाना क्षेत्र के आरडीएस कॉलेज के समीप ज्वेलरी शॉप 51 लाख रुपए के आभूषण लूट में शामिल शातिर लुटेरा को गोली लगी जिससे वह मौके पर ही घायल हो गया. पुलिस ने आनन-फानन में इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. घायल अपराधकर्मी की पहचान वैशाली जिले राजपकर गांव के अनुपम झा के रूप में हुई है. अनुपम झा सोना लूट के कई मामले में वांटेड था. छत्तीसगढ़ के एक सोना लूट के बड़े मामले में पुलिस की अभिरक्षा से फरार चल रहा था. मुजफ्फरपुर पुलिस कुख्यात लुटेरे अनुपम झा को जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार कर ला रही थी. इसी दौरान फकुली थाना क्षेत्र में अपराधकर्मी ने शौच जाने की बात कही. इस दौरान पुलिसकर्मी ने शौच जाने की अनुमति दी लेकिन अपराधकर्मी ने एक पुलिसकर्मी को धक्का मारकर उसका पिस्टल छीन लिया और भागने लगा. इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में अपराधकर्मी को दो गोली दोनों पैर के घुटने नीचे मारी जिसके बाद वह मौके पर घायल हो गया. उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच लाया गया. एसएसपी राकेश कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 4 बजे एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार करके लाया जा रहा था इस दौरान अपराधकर्मी ने कहा कि उसे शौच लगा है. इसके बाद पुलिसकर्मी ने उसे शौच जाने के लिए गाड़ी रोक दी लेकिन इसी दौरान अपराधकर्मी ने पुलिस को धक्का मारते हुए उसका पिस्तौल छीनकर भागने लगा. इस दौरान पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए अपराधकर्मी को दो गोलियां मारी हैं जिसमें दोनों गोलिया पैर में घुटने के नीचे लगी. फिलहाल आरोपी को PMCH रेफर किया गया है.

# ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** सुल्तानगंज-भागलपुर रेलखंड पर महेशी रेलवे स्टेशन के पास पोल संख्या 323/7 के समीप डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरानी मोतीचक निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार मंडल के रूप में हुई है। शुक्रवार की दोपहर घटी घटना की जानकारी सुल्तानगंज थाना की पुलिस जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई जलधर मंडल ने बताया कि भाई संजय मंडल महेशी से ट्रेन से भागलपुर जाने के लिए महेशी स्टेशन आया था। वो कम सुनता था। मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के संबंध में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। चर्चा है कि कर्ज की वजह से मृतक परेशान था। जिससे वह दबाव में था। वहीं गांव में कुछ लोग ये भी बता रहे हैं कि मृतक की पत्नी भांजे के साथ दो दिन पहले से फरार थी। लोग आशंका जता रहे हैं कि उसने आत्महत्या की नीयत से ट्रेन के सामने कूद गया। इस मामले में थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि मृतक के बड़े भाई के आवेदन यूडी कांड दर्ज किया गया है। शनिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। इधर मृतक के परिजन का रोते बुरा हाल है। मृतक की पत्नी कंचन देवी के दो पुत्र व एक बेटी है।

# रनहा बीन टोली मे आग से दर्जनो घर जले लाखो की संपत्ति बर्बाद

चाणक्य भूमि बेतिया



बैरिया अंचल क्षेत्र के दक्षिण पटजिरवा के वार्ड 12 व 13 रनहा बीन टोली मे लगी आग से पांच दर्जन से अधिक घरे पल-भर मे राख की ढेर मे बदल गयी। आग लगते ही अफरा तफरी मच गयी । आग लगने ने चार मवेशी की झुलसने से मौत हो गई। पूर्व पंचायत समिति सदस्य मिन्टू राय ने बताया कि पीडी रिंग बांध से सटा रनहा बीन टोली गांव में रविवार को धूं धूं कर जलता रहा । अचानक दोपहर मे भीखम यादव के घर से आग की लपटें उठी । लपटों को देख लोग चिल्लाने लगे । लोग अपने घरों से निकलकर बाहर सरेह मे शरण लेने लगे । जबकि आग पछिया हवाओ के थपेडों से पलभर मे विकराल रूप धारण कर लिया । क्योंकि हवा घी के काम कर रही थी । आग की तपिश इतनी अधिक थी कि लोग चाहकर भी कुछ नही कर पा रहे थे । अचानक आग लगने के कारण किसी घर से कोई समान नही निकल पाया । भीषण अगलगी को देखते हुए प्रशासन को लोगो ने सूचना दी । तीन अग्निशामक दस्ता भी पहुँच गये ,परंतु उसके पहले ही पचास से अधिक घरों को आग निगल चुकी थी । हालांकि लोगो और अग्निशामक दस्ता के प्रयास से आगे बढ रहे आग को रोकने का प्रयास किया जाने लगा । अंचलाधिकारी वीकेश पाण्डेय ने कहा कि सभी अग्नि पीड़ितो की सूची तैयार की जा रही है । सभी को तुरंत राहत दी जाएगी । प्लास्टिक मुहैया तुरंत करायी जाएगी , ताकि इस समय धूप से भी पीडित परिवारो को राहत मिल सके। श्रीनगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि अग्निदस्ता की गाड़ी पहुंच आग बुझा लिया है। क्षति का आंकलन किया जा रहा है। इस आग लगी में ठग मुखिया,सुनील मुखिया,विक्रम यादव,विक्रम मुखिया,प्रभु मुखिया,राजेश मुखिया,गौरी यादव,अंजेशा मुखिया,झापस मियां,रामकिशन मुखिया समेत पांच दर्जन लोगों का घर जलकर राख हो गया है। योगेन्द्र यादव की पुत्री की 25 अप्रैल को आने वाला है बारात जिसकी शादी के समान भी जलकर हुई खाक जानकारी के अनुसार इस अग-लगी में रनहा बिनटोलिया निवासी योगेन्द्र यादव की पुत्री रानी कुमारी की बारात आने वाला थी । वही प्रभु मुखिया के पुत्र दिलीप कुमार का बारात 25 4.2024 को जाने वाली थी। बारात की सभी खरीदारी कर ली गई थी। इस अग-लगी ने सभी सामान को राख के ढेर में तब्दील कर दिया। इन लोगों को अब चिंता सताने लगा कि शादी कैसे होगी।

- अग्निशामक दल ने मुश्किल से आग पर काबू पाया

# नर देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के उपर गिरा पेड़, तीन जख्मी



चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

मां नर देवी मंदिर परिसर में शनिवार की दोपहर उस समय तीन श्रद्धालु बुरी तरह जख्मी हो गए, जब बगहा से आए श्रद्धालुओं ने बलिदान चढ़ाने के बाद भोजन बना प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। बता दें कि शनिवार की दोपहर धूल कारण के साथ आए आंधी ने उत्पात मचा रखा था। उसी आंधी में बगहा कैलाश नगर निवासी शिवकली देवी उम्र 65 वर्ष बेचू शर्मा उम्र 40 वर्ष राहुल कुमार उम्र 20 वर्ष बुरी तरह जख्मी हो गए जिन्हें मंदिर परिसर में लगाए गए दुकानों के दुकानदारों द्वारा आनंद में उठाकर स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में शिवकली देवी का हालत गंभीर है उनका सिर फट गया है। बाकी दो लोगों को हल्की चोटें आई है। समाचार प्रेषण तक घायलों का इलाज जारी था। घायलों में बेचू शर्मा एवं राहुल कुमार ने बताया कि हम लोग प्रसाद बनाने के बाद उसे ग्रहण कर रहे थे उसी समय अचानक पेड़ गिर गया। जिससे हम लोगों को संभलने तक का भी मौका नहीं मिला, और हम लोग घायल हो गए।

- बगहा से पूजा करने नर देवी मंदिर आए थे श्रद्धालु

# मंडल कारा बेतिया के बंदी की मौत

चाणक्य भूमि बेतिया



- मंडल कारा से इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते वक्त एक बंदी की मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर मारपीट करने एवं लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है

रविवार को बेतिया मंडल कारा में विचाराधीन कैदी की मौत इलाज के लिए ले जाते समय हो गई। मौत के बाद अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी के निर्देश पर शव का पंचनामा हुआ।साथ ही दंडाधिकारी सह राजस्व पदाधिकारी विजय कुमार को शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए नियुक्त किया। जिसके बाद चिकित्सकों की गठित टीम ने पोस्टमार्टम किया। मृतक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के बिनवलिया वार्ड नंबर 13 निवासी स्वर्गीय बाढ़ू मुखिया के 45 वर्षीय पुत्र रामबालक मुखिया के रूप में की गई है। जेल सुपरिटेंडेंट अमरजीत सिंह ने बताया कि शराब के मामले में रामबालक 19 अप्रैल को जेल में आया था। वह बीमार था। 19 और 20 अप्रैल को इलाज के लिए उसे जीएमसीएच में भेजा गया था। रविवार को भी इलाज के लिए उसे जीएमसीएच ले जाया गया। इसी बीच उसकी मौत हो गई। इधर रामबालक की मौत की खबर मिलते ही उसकी मां, पत्नी समेत पूरे लोग अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर मारपीट करने एवं इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

# बिजली बिल में सुधार नहीं तो वोट नहीं

चाणक्य भूमि बेतिया



बैरिया प्रखंड क्षेत्र के ताधवा नंद पूर पंचायत के वार्ड नंबर 8 के महादलित बस्ती के उपभोक्ताओं ने बिजली बिल अधिक हो जाने व अभियंताओं की उदासीनता से परेशान उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए उपभोक्ताओं ने बताया की बिजूली बिल कि अत्यधिक राशि हो जाने के चलते हम लोग काफी परेशान है।खाने कमाने वाले हम मजदूरों के पास बिजूली बिल की अत्यधिक राशि जामा करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।इसकी शिकायत कनीय अभियंता को आवेदन देकर किया गया लेकिन ओ सुनने के लिए तैयार नहीं है।कार्यालय में जब हमलोग जाते है तो ओ मिलते ही नही।और धमिकी भी देते है की यदि बिजूली बिल जामा नही किया तो सबकी कनेक्शन काट दी जाएगी और एफआईआर भी दर्ज की जायेगी। जिससे महादलित की बस्ती के लोग काफी चिंतित है।माले नेता सुनील राव ने कहा कि कनीय अभियंता मनमानी ढंग से कार्य करते है।वही दलाल के माध्यम से बिजूली कि नये कनेक्शन लगाने के लिए भोली भाली जनता से अवैध पच्चीस सौ रूपये कि उगाही की जाति है।वही एग्रीकल्चर का तार कई जगह काट कर जेई के द्वारा बेच दिया गया है।जिससे किसान भी नाराज है। प्रदर्शन करते हुवे दलित बस्ती के लोगो ने कहा यदि समय रहते बिजूली बिल सुधार नहीं हुवा तो आगमी लोक सभा चुनाव में वोट का बहिस्कार करेंगे।प्रदर्शन करते हुवे सुगंती देवी ,रेणु देवी, चंद्रावती देवी, सुनैना देवी , गिरिजा देवी, रीता देवी, उमरावती देवी ,शंभू राम ,रूदल राम, रंगलाल राम ,हरिहर राम, इत्यादि ग्रामीण मौजूद रहे।

# कदवा से भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लिया भाग

चाणक्य भूमि



- भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ताओं के नारों से कटिहार गूँजता रहा

**कटिहार**। गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा में कदवा प्रखंड से बड़ी संख्या में भाजपा एवं जदयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लिया। भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया सुमंत सिंह के नेतृत्व में कदवा प्रखंड मुख्यालय से जुलूस निकालकर राजेंद्र स्टेडियम सभा स्थल तक पहुंची। राजेंद्र स्टेडियम के मुख्य द्वार पर भाजपा एवं जदयू के कार्यकर्ताओं ने की नारों से कुछ देर तक गूंजे मान हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं नरेंद्र मोदी अमित शाह की जय जयकार लग रहे थे और बीच-बीच में 400 पर का भी नारा लगा रहे थे। भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया सुमन्त सिंह के साथ संजीव कुमार ठाकुर,ज्ञान रंजन मेहता, राजेंद्र गोस्वामी,बमबम मंडल, श्याम मंडल, पप्पू शर्मा,मिथुन गोस्वामी, अनुज शर्मा, गौरव मंडल सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। उधर जदयू नेत्री आशा सुमन, कदवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश भगत एवं चंदन भगत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं ने कदवा प्रखंड से जुलूस निकालकर सभा स्थल पहुंचे। सभा स्थल में नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार के पक्ष में नारेबाजी किया गया।

# आग से मिठाई दुकान जली लाखो की क्षति का अनुमान



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

घोड़ासहन थाना क्षेत्र के श्रीपुर में एक होटल में अचानक आग लग गई, जिससे दुकान एम रखे सारा सामान जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी है, इस बात की अब तक पता नहीं चल पाया है। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार राजेश चौरसिया ने बताया कि उसका दुकान घोड़ासहन थाना के श्रीपुर रोड में जय श्री राम स्वीट्स के नाम से चलता है। दुकान में अचानक से आग लग गया, जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग दुकान में चारो तरफ से आग फैल गया, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ कर आग बुझती तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया।

# "कहवां के पियर माटी,कहाँ के कुदाल हो,कहवां के पांच सुहागिन,माटी कोड़े जास हो"

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



- बदलते परिवेश में कुदाल के बदले जेसीबी से कोड़ा गया माटी
- मझौलिया के गुरचुरवा में मांगलिक कार्य की शुरुवातनये अंदाज में

**बेतिया**।बदलते परिवेश में में एक से बढ़कर एक शादियां देखने को मिलती है । रस्मो-रिवाज और हाई-फाई व्यवस्था ने परंपरागत व्यवस्था को विलोपित कर दिया है। कई शादियां हेलीकॉप्टर व बेहतरीन जोड़ियों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हिंदू धर्मावलंबियों की शादी विवाह में मटकोर रस्म का एक अलग ही महत्व है। वर हो या वधु की विवाह यह रस्म अवश्य पूरा किया जाता है। मटकोर और हल्दी रस्म पूरे विधि विधान के साथ-साथ उल्लास के साथ संपन्न किया जाता है। मझौलिया के गुरचुरवा गांव में माटी कोड़ने का रश्म जेसीबी से किया गया।नटीजतन यह विवाह चर्चा में आ गयी।बतादे मझौलिया प्रखंड के गुरचुरवा गांव निवासी महावीर प्रसाद कुशवाहा के पुत्र आलोक कुमार की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई । यहां मटकोर के रश्म में कुदाल से मिट्टी काटने की परंपरा है। लेकिन, बदले दौर में मटकोर में कुदाल के बजाय जेसीबी से मिट्टी खोदने की रस्म निभाई गई। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ कलाकारों द्वारा करतब भी दिखाए गये।प्रखण्ड क्षेत्र में यह शादी चर्चा का विषय बना है।

# 59.4 लीटर शराब समेत एक शराब धंधेबाज को भेजा जेल

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने रविवार को इंडो नेपाल बोर्डर से कुल 59.4लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की इंडो नेपाल बॉर्डर से 148 पीस नेपाली कस्तूरी 300 एम एल और 15 लीटर देशी शराब के साथ बलथर के पवन मुखिया उम्र (35) वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714